भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद

बीडीएल/104/सं.वि.-नि.वा./एम आर/ 04 दिनांक : 2 जुलाई, 2021

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>पर्यावरण परीक्षण सुविधा की स्थापना के लिए बीडीएल में शिलान्यास किया गया – देश में इस प्रकार की यह पहली सुविधा है</u>

पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टॉफ, वाइस एडमिरल बिस्वजीत दास गुप्ता अ.वि.से.मे.,यु.से.मे., वि.से.मे., ने आज भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) की विशाखापट्टणम इकाई में पर्यावरण परीक्षण सुविधा की स्थापना के लिए शिलान्यास किया है ।

इस अवसर पर बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), एन पी दिवाकर, निदेशक (तकनीकी), कार्यकारी निदेशक ए माधव राव (से.नि.) अधिशासी निदेशक (केबीयू अण्ड पीएसजी), श्री एस वी कामेश्वर, महाप्रबंधक एवं विशाखापट्टणम इकाई के प्रधान और सीआईएनए, एनएसटीएल और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने बताया कि “पर्यावरण परीक्षण सुविधा देश में इस तरह की पहली सुविधा है जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को और अधिक साकार करने में योगदान देगी। यह सुविधा एक बार शुरु होने के बाद टॉरपिडोस और अंतर्जलास्त्र के लिए परीक्षण अवसंरचना में बीडीएल की क्षमता को बढ़ाएगी।“

पर्यावरण परीक्षण सुविधा में पूरे टॉरपिडो के लिए कंपन परीक्षण सुविधा, थर्मल चैंबर और वॉकिंग चैंबर शामिल होंगे। यह भारत में एक अत्याधुनिक सुविधा होगी जिसमें 8 मीटर लंबाई और 2 टन वजन के पूरे टॉरपिडो का कंपन परीक्षण एक ही बार किया जा सकता है।

बीडीएल की विशाखापट्टणम इकाई की स्थापना विशेष रुप से नौसेना के लिए टॉरपिडोस और अन्य अंतर्जलास्त्र के निर्माण के लिए किया गया है। विनिर्माण प्रक्रिया में विभिन्न पर्यावरण परीक्षण, कंपन परीक्षण शामिल है, जो रियलटाइम से कार्यक्षमता का आकलन करने के लिए किए जाते हैं।

बीडीएल ने विश्व में अपनी पहुँच बनाने के लिए अपने प्रयास में अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश कर मित्र देशों के लिए अपने उत्पाद बेचने का प्रस्ताव रखती है। कंपनी अपने एक मित्र देश के लिए टॉरपिडो के निर्यात आदेश को कार्यांवित किया है और अगले आदेश प्राप्त करने के लिए टॉरपिडो के अलावा सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, हवा से हवा में मार करनेवाली मिसाइल, हवा से सतह पर मार करनेवाले अस्त्र, टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र, प्रतिमारक अवसर्जन प्रणाली आदि जैसे निर्यात योग्य उत्पादों के लिए आदेश प्राप्त करने के लिए तत्पर है.

बीडीएल विशाखापट्टणम इकाई में पर्यावरण परीक्षण सुविधा के लिए शिलान्यास करते हुए पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टॉफ, अ.वि.से, मे, यु.से.मे, वि.से,मे,वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता साथ में, बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), श्री एन पी दिवाकर, निदेशक (तकनीकी) अधिशासी निदेशक (केबीयू और पीएसजी) कमोडोर ए माधवराव (से.नि.), श्री एस वी कामेश्वर, महाप्रबंधक एवं विशाखापट्टणम इकाई के प्रधान और सीआईएनए, एनएसटीएल और भारतीय नौ सेना से वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहें।